मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 08 मई 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	08-05-14	09-05-14	10-05-15	11-05-15	12-05-15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	2	1	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	42	41	40	39	39
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	27	27	26	25	25
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	1	2	5	6	4
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	41	58	68	76	88
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	11	14	18	20	22
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	18	16	14	18	20
हवा की दिशा	दक्षिण–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

रविवार व सोमवार को हवा के साथ हल्की बूंदा बांदी की संभावना।

सिंचित कपास की निम्न उन्नत किस्मों की बुवाई करें –
देशी कपास: आर जी 8 व आर जी 18
अमेरिकन कपास: बीकानेरी नरमा, गंगानगर अगेती तथा आर.एस.टी.–9

बीज दर: देशी कपास की बुवाई हेतु 12 से 15 व अमेरिकन कपास के लिए 15 से 16 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर प्रयोग में लें।

बीज उपचार: बीज जनित रोगों से बचाने के लिए 4 ग्राम ट्राईकोर्डमा से प्रति किलो बीज को उपचारित कर बुवाई करें।

मिर्च की फसल में पर्णकुंचन व मोजेक (विषाणु रोग) के प्रकोप से पत्तें सिकुड़ कर मुड़ जातें हैं। रोग के प्रसारण को रोकने हेतु डाइमिथोएट 30 ई.सी. का एक मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।